## खबर संक्षेप

### समग्र ई- केवाईसी के शेष कार्य को शीघ्र करें पूर्ण

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही को निरंतर प्राप्त होता रहे इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा ई केवाईसी कार्य से वंचित शेष नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालयों के माध्यम से समग्र पोर्टल पर आधार से समग्र ई-केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा बुधवार प्रातः माधवनगर उप कार्यालय के माध्यम से संचालित कार्य का औचक निरीक्षण किया जाकर समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की जानकारी ली जाकर शेष कार्य को गति प्रदान कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देशित किया कि समग्र पोर्टल पर आधार से समग्र आई.डी की ई-के.वाई.सी नहीं होनें पर नगारिकों को भविष्य में शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

### विशेष अभियान के तहत श्रमिकों के बनाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

**कटनी।** मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत कटनी जिले में पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्य अपनी समग्र आईडी, मजदूरी श्रम कार्ड, आधार कार्ड के साथ में उपस्थित होकर जिला अस्पताल कटनी, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ एवं बरही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, बहोरीबंद, पान उमरिया, पहाडी एवं बडवारा, ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत कम्युनिटि हेल्थ आफीसर (सीएचओ) एवं ग्राम रोजगार सहायक, प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ता के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। जिला श्रम पदाधिकारी श्री मिश्रा ने इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है।

### युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**कटनी।** जिले में में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सामूहिक सूर्य-नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिले की समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की जायेगी। 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी।

ग्राम देवरी मवई में महिलाओं ने पैकारी से शराब बरामद कर एसपी कार्यालय पहुंच किया था प्रदर्शन

# एसपी दफ्तर में महिलाओं के प्रदर्शन के बाद जागी पुलिस, रात्रि में दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





ग्राम देवरी मवई में अवैध शराब की बिक्री के विरुद्ध नारी शक्ति द्वारा मंगलवार को किये गये प्रदर्शन के बाद स्लीमनाबाद का पुलिस महकमा जागा। एसपी के निर्देशन पर मंगलवार की रात एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश सुमन के साथ पुलिस बल के साथ ग्राम देवरी मवई पहुंची जहाँ रात में पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ ऑपरेशन शिकंजा चलाया गया। ग्राम देवरी मवई निवासी दीपक पिता राम सुजान लोधी 32 वर्ष के कब्जे से 35 पाव अवैध शराब कीमती 3500 रुपये जप्त कर धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया एवं आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

गौरतलब है कि ग्राम देवरी मवई मै अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था। शिकायत के वाबजूद भी स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा पैकारियों को बंद नही कराया जा रहा था जिसके बाद गाँव से अवैध शराब को बंद कराने नारी शक्ति ने आवाज़ बुलंद की। मंगलवार को ग्राम देवरी मवई की नारी शक्ति ने पैकारी में धावा बोला एवं वहां से शराब लेकर एसपी कार्यालय पहुंच गई।

अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने हल्ला बोल किया साथ ही स्लीमनाबाद थाना के पुलिसकर्मियों पर पैकारी संचालको से पैसे लेने का भी आरोप लगाया जिसके बाद जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर एसडीओपी स्लीमनाबाद के साथ थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देकर पैकारियों को बंद कराने को कहा। बाद रात में ग्राम पथराडी में स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन शिकंजा चलाया गया।

### कैमोर पुलिस ने आठ पेटी अंग्रेजी शराब एवं आटो किया जब्त, दो आरोपितों को पकड़ा

कैमोर पुलिस ने शराब तस्करी करते हुए ऑटो चालक एवं शराब मंगाने वाले बदमाश को भी पकड़ा है। थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि ऑटो क्रमांक MP 54 R 1069 झुकेही से कैमोर तरफ जायेगा उसमें भारी मात्रा में शराब लोड है। मुखबिर से सूचना मिलते ही केमोर थाना प्रभारी आशीष शर्मा स्टाफ के साथ रवाना हुए जैसे ही ग्राम बडारी मैन रोड के पास पहुंचे तो सामने से आटो आते दिखाई दिया, स्टाफ की मदद से रोका गया। आटो चालक अमन कुमार चौधरी पिता मनोज कुमार चौधरी 22 वर्ष निवासी ग्राम टिकरवारा थाना कुठला से आटो एवं आटो मे 7 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मात्रा 63 लीटर कीमती 49000रु. की बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पूछताछ में आरोपी अमन चौधरी ने बताया कि उक्त शराब उसने मेहगांव निवासी शिवम गुरुंग पिता स्व. छोटेलाल गुरुंग 35 साल निवासी मेहगांव थाना कैमोर के कहने पर शराब लेकर आया था। आरोपी शिवम गुरुंग के कब्जे से 1 मोबाईल एक पेटी शराब कीमती करीबन 5000 रूपए जब्त की गई। कुल मिलाकर 8 पेटी 72 लीटर शराब कीमती करीबन 54 हजार रु. की जप्त की गई। एक अन्य आरोपी अतुल राय की तलाश की जा रही है। आरोपियो अमन चौधरी, शिवम गुरुंग को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### उपायुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिये निर्देश

**कटनी।** नगर में विगत दिवसों से लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शहर के बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा एवं विभिन्न प्वाइंटों में की जाने वाली अलाव की व्यवस्थाएं और भी सुदृढ़ की जाकर निरंतर जारी रखी गई हैं। इन व्यवस्थाओं से जरूरतमंद, बेसहारा एवं राहगीर नागरिकों को ठंड से राहत मिल रही है। नगर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं रैन बसेरा परिसरों में अलाव जलाए जा रहे हैं, वहीं रैन बसेरा में जरूरतमंदों को ठहरने के लिए गद्दे गर्म कपड़े कंबल, रजाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बड़ी संख्या में नागरिक इन व्यवस्थाओं का लाभ लेकर सुरक्षित एवं राहतपूर्ण रात्रि व्यतीत कर रहे हैं। नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर मंगलवार रात्रि माधवनगर स्थित प्रेम साइकिल स्टोर , भट्टा मोहल्ला दुर्गा मंदिर के पास, जिला चिकित्सालय परिसर, अंजुमन इस्लामिया स्कूल के सामने, आजाद चौक, आडिटोरियम दमकल कार्यालय, रैन बसेरा, कमानिया गेट हनुमान मंदिर के पास, रेल्वे स्टेशन आटो स्टैंड, सहित अन्य प्वाइंटों में ठंड से राहत पहुंचानें हेतु अलाव की लकड़ियां उपलब्ध करानें की कार्यवाही की गई। उपायुक्त द्वारा रैन बसेरा के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं को चाक - चौबंद रखने के निर्देश दिए गए।

संचार संकर्म समिति की बैठक में विभागवार की गई समीक्षा

# शिक्षा एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की गैरहाजिरी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में अजय कुमार गोटियां सभापति की अध्यक्षता में संचार संकर्म समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट, कविता पंकज राय, माला मौसी,मनोनीत सदस्य राजेश हल्दकार सहित अन्य सदस्यों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री की उपस्थिति रही । सर्वप्रथम बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। तत्पश्चात श्री गोटिया ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण कटनी,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग और अन्य विभाग के निर्माण कार्यों की गत दो वर्षों की विस्तार से समीक्षा की गई। निर्माणाधीन ,प्रस्तावित एवं अपूर्ण निर्माण कार्यो को तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीकों से शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने हेतु चर्चा हुई।

समीक्षा बैठक में शिक्षा एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदन ने नाराजगी जताई। अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सभापति श्री गोटिया ने नाराजगी जाहिर करते हुए आगामी बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु सदन में निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी बैठक में पूरी जानकारी के साथ आए।

संचार संकर्म समिति के सचिव ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री, अन्य विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### आनंद विभाग द्वारा अल्पविराम सत्र का आयोजन



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), कटनी में शिक्षकों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतिम कालखंड में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दो अलग-अलग कक्षों में लगभग 250 शिक्षकों के बीच अल्पविराम सत्र का आयोजन किया गया। अल्पविराम सत्र के अंतर्गत एक कक्ष में चिंता को चिंतन में परिवर्तन करने हेतु सत्र ₹सर्कल ऑफ कनसर्न एण्ड सर्कल ऑफ एनफ्लुऐंसर₹ तथा दूसरे कक्ष में हम अपनी कमजोरी एवं कमियों को पहचान कर उसे अपनी ताकत कैसे बनाएं, इस पर आधारित ₹फ्रीडम ग्लासर₹ सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र को संचालित करने में आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल काम्बले, मास्टर ट्रेनर मनीषा काम्बले एवं स्मृति करपते तथा आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा की उपस्थिति रही।

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथवारी स्कूल के पास हुआ हादसा

# बोलेरो चालक ने मोटर साइकिल सवारों को मारी टक्कर, 3 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**हादसे के बाद बोलेरो चालक हुआ फरार, घायल कटनी रेफर**

बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा बुधवार को बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथवारी स्कूल के समीप हुआ। जानकारी के अनुसार चंदिया वार्ड क्रमांक 02 निवासी एक अतिथि शिक्षक ग्राम भुडसा मिडिल स्कूल पढ़ाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में गणेशपुर मोड़ पर उनकी मुलाकात जयंत सिंह कश्यप से हुई, जो अपने पुत्र प्रियांशु सिंह के साथ मोटरसाइकिल से भुडसा जा रहे थे। अतिथि शिक्षक भी उनकी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर स्कूल की ओर रवाना हुए। सुबह करीब 10 बजे जब वे ग्राम पथवारी प्राथमिक शाला के पास मेन रोड पर पहुंचे, तभी खमतरा की ओर से आ रही बोलेरो क्रमांक MP 66 T 2792 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में अतिथि शिक्षक के दाहिने हाथ और बाएं पैर के घुटने में चोट आई, वहीं जयंत सिंह कश्यप के बाएं पैर के घुटने, चेहरे और कमर के पीछे गंभीर चोटें आईं। प्रियांशु सिंह को मुंह, बाएं पैर के घुटने, बाएं हाथ की कोहनी और दाहिनी ओर माथे पर चोट लगी है। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को उसी बोलेरो से शासकीय अस्पताल बड़वारा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को जिला चिकित्सालय कटनी रेफर कर दिया। घायलों ने बड़वारा थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई

# शासकीय भूमि पर किये गये कब्जे को बुल्डोजर चलवाकर कराया गया ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ग्राम ढीमरखेड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 324, रकबा 0.12 हेक्टेयर के अंश भाग पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा हटाया गया । उक्त भूमि पर शेख सुबराती एवं राजेश सोनी द्वारा मकान एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कर कब्जा किया गया था ।

### बेदखली आदेश पर कार्रवाई

मामले में न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0032 के तहत दिनांक 23 दिसंबर 2025 को बेदखली आदेश पारित किया गया था ।न्यायालय के आदेश के पालन में दिनांक 7 जनवरी 2026 को प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया । कार्रवाई के दौरान संबंधित राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए बेदखली की प्रक्रिया पूर्ण की गई ।

कब्जा हटने के बाद शासकीय भूमि को पुनः अपने अधीन लेकर आवश्यक अभिलेखों में प्रविष्टि की गई । प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा नियमों के उल्लंघन पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



साइबर फ्राड से रहे सावधान रहने एवं लालच में न आने किया जागरूक

# पुलिस ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों को सजग रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति सजग करने के लिए बहोरीबंद पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मै गाँव -गाँव चौपाल लगाई जा रही है। बुधवार को ग्राम पंचायत पथराड़ी पिपरिया मे चौपाल लगा, ग्रामीणजनों से संवाद किया गया जिसमें साइबरक्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत लोगों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए।

थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो।उन्होंने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।किसी अनजान के साथ आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य किसी भी तरह की निजी जानकारी साझा नहीं करें। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दिनों मोबाइल पर अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके लिए उन्होंने कहा कि एसएमएस व वाट्सअप के माध्यम से आए किसी भी लिंक को क्लिक न करें।फोन, ईमेल, एसएमएस या वाट्सअप पर आए नौकरी, लाटरी जैसे विज्ञापनों पर विश्वास न करें।

### विपरीत स्थिति में डरें नहीं

एटीएम से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी भी अंजान व्यक्ति की सहायता न लें। अपने एटीएम पिन को समय समय पर बदलते रहें।फोन और एप को हमेशा नए वर्जन के साथ अपडेट रखें और सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जरूरत से ज्यादा निजी जानकारियां शेयर न करें। वन टाइम पासवर्ड का इस्तेमाल आपके बैंक खाते से रुपये चुराने के लिए किया जा सकता है,इसलिए उसे किसी अन्य से साझा करने से बचे।अगर किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है,या फिर कोई ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं। कहा कि कैसी ही परिस्थिति हो डरे नहीं, घबराये नहीं बल्कि पुलिस को अपना मित्र समझे ओर संपर्क करें।

### दी गई समझाइश

ग्राम पंचायत में सजग दृष्टि के तहत सीसीटीव्ही कैमरे लगाना ,साइबर फ्रॉड , फर्जी सिम एवं अकाउंट के दुरुपयोग, यातायात के नियमों का पालन करना हेलमेट लगानने, नशे से दूरी है जरूरी, महिला एवं बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# पुलिस की गश्त पर भारी पड़ी चोरों की कारगुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चोरी की बढ़ती वारदातों से पुलिसिया गश्ती एवं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बीती रात चोरों ने चार मंदिरों को निशाना बनाया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई इन वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। वहीं नागरिकों में डर का माहौल बना हुआ है।

### हवा हवाई निकले दावे

सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन यह दावा किया जा रहा है कि रात के समय नियमित पेट्रोलिंग की जाती है, लेकिन एक ही रात में चार मंदिरों में चोरी या चोरी की कोशिश होना इस दावे पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। चोरों ने धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया और पुलिस को कोई भनक भी नहीं लगी।

### यहां की गई चोरी

जानकारी अनुसार चोरों ने सबसे पहले गणेश चौक स्थित गणेश मंदिर में प्रवेश कर मंदिर के बर्तन चुरा लिए। इसके बाद सिविल लाइन स्थित कल्याणी दुर्गा मंदिर में गेट का कुंडा काटा गया, हालांकि यहां चोरी नहीं हो सकी। गायत्री नगर स्थित राम मंदिर से भगवान राम का मुकुट और माला चोरी कर ली गई, जबकि बाबा घाट स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोर ले उड़े। वारदातों ने पुलिसिया गश्त के दावों की हवा निकाल दी है।

## खबर संक्षेप

### विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने समीक्षा बैठक 9 जनवरी को

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार 9 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा, पंचायत (निर्माण), 15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### तेंदुआ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** बहोरीबंद वन परिक्षेत्र के कुआं वृत्त में तेंदुआ देखे जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ग्राम राखी के पास 'रमैया स्थान' पर सड़क किनारे बैठे तेंदुए को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण बुरी तरह डर गए। मंगलवार रात जब कुछ कार सवार सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तब उनकी नजर झाड़ियों के पास बैठे तेंदुए पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर तेंदुए का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पिछले लगभग एक महीने से खेतों में तेंदुए की मौजूदगी महसूस की जा रही थी। कई किसानों ने पहले भी इसे देखने का दावा किया था, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का मुआयना कर पदचिह्नों की पुष्टि की थी। हालांकि, अब सार्वजनिक स्थान और सड़क के इतने करीब तेंदुआ दिखने से खतरा और बढ़ गया है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम के निर्देशन में वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। विभाग ने लाउडस्पीकर और जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को रात में अकेले घर से बाहर न निकलें, पालतू मवेशियों को सुरक्षित और बंद स्थानों पर बांधने एवं जंगल से सटे इलाकों और खेतों की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।

### महापौर ने किया मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन

**कटनी।** नगर निगम के विभागीय कार्यों के सुचारू संपादन एवं नगर विकास को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर-इन-काउंसिल का पुनर्गठन करते हुए राम मनोहर लोहिया वार्ड के पार्षद उमेन्द्र कुमार अहिरवार ओमी को जल कार्य तथा सीवरेज विभाग का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि जनहित के कार्यों को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से करवाने हेतु मेयर इन काउंसिल का पुनर्गठन, संशोधन किया गया है। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मेयर इन काउंसिल का गठन किया गया था। उक्त गठित समिति में सामान्य प्रशासन विभाग में प्रभारी प्रीति संजीव सूरी, लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग में प्रभारी रमेश सोनी, वित्त एवं लेखा विभाग में प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में प्रभारी श्रीमती सुमन राजू माखीजा, यातायात एवं परिवहन विभाग में प्रभारी श्रीमती तुलसा गुलाब बेन, योजना सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मे प्रभारी श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में प्रभारी सुभाष शिब्बू साहू शहरी गरीबी उपशमन विभाग में प्रभारी जयनारायण निषाद तथा राजस्व विभाग में प्रभारी गोविंद चावला को नियुक्त किया गया था।

## तहसील मुख्यालयों में बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से होती है परेशानी

# यात्रियों की मुसीबतः मुख्य मार्गों या तिराहा, चौराहा में खड़ी होती हैं बसें

जिले में विकास कार्यों की फेहरिस्त भले ही बढ़ती जा रही हो लेकिन आज भी ऐसी कई सुविधाएं है जिनसे नागरिक महरूम हैं। जिले की कई तहसीलों में आज तक स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। तहसील मुख्यालयों में स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है बल्कि बसों से सवारियां उतारने व बैठाने के दौरान आवागमन भी बाधित होता है क्योंकि बसों को अक्सर तिराहे, चौराहे, मुख्य मार्ग या फिर अन्य स्थानों में खड़ा करना पड़ता है। बस स्टैण्ड नहीं होने से यात्री भी अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी खड़े होकर बसों के आने की प्रतीक्षा करते रहते हैं। ठंडी, गर्मी व बरसात के दिनों में यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों से जूझना पड़ता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद कार्यालय बड़वारा के पास मेन रोड में बसें रुकती हैं। बस स्टैंड की मांग स्थानीय जनों द्वारा लंबे अरसे से जनप्रतिनिधियों से की जा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बड़वारा जनपद मुख्यालय से 50 ग्राम पंचायतों के गांव जुड़े हैं। बड़वारा से कटनी जिले के विभिन्न स्थानों के अलावा और शहरों के लिए आना जाना होता है। बड़वारा में बस स्टैंड का वर्षों से अभाव है, गांव में शासकीय जमीन भी उपलब्ध है, बस स्टैंड के लिए प्रस्ताव बना था, तहसीलदार ने निरीक्षण भी किया था लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई। नेशनल हाईवे से जुड़े स्लीमनाबाद में बाजार से लगी सड़क या फिर तिराहे के पास बस स्टॉपेज है। क्षेत्र में भी आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण बस स्टैंड की सुविधा नहीं मिल पाई। बहोरीबंद विधायक के अनुसार बस स्टैंड का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

रीठी, उमरियापान में भी अमूमन सड़क किनारे बसों का रुकना होता है। इन क्षेत्रों में सड़क से बाजार सटे हुए हैं। सड़क पर बसों के खड़े होने से जनता को यातायात समस्या का सामना करना पड़ता है। अन्य वाहनों में ट्रक, मोटरसाइकिल, कार, ऑटो और पैदल निकलना होता है। तहसील क्षेत्रों में बस का सफर शुरुआत से पहले होटल या फिर पेड़ की छाया में प्रतीक्षारत रहता है। स्थानीय प्रशासन अथवा विधायक जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक निधि से यात्रियों की सुविधा के लिए छतनुमा चबूतरा प्रसाधन स्थल का निर्माण भी नहीं करवाया गया है।

कटनी को जिला बनने के दो दशक से भी ज्यादा का समय गुजरने के बाद भी तहसील मुख्यालयों में आम जनता बस स्टैंड की सुविधा से वंचित है। इन तहसीलों से जुड़ी 401 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का रोज आना-जाना बड़वारा, स्लीमनाबाद, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, रीठी में लगभग 200 से अधिक बसों की प्रतिदिन आवाजाही होती है। सुविधाजनक बस स्टैंड न होने के कारण तहसील स्तर के कस्बों में बसें कहीं चौराहों या फिर सड़क किनारे खड़ी होती हैं। यहीं पर लोगों को बसों का इंतजार करना पड़ता है।



## लापता बालक को कटनी स्टेशन से किया दस्तयाब, परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही क्षेत्र से अचानक लापता हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने कटनी रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया। ग्राम केवलारी निवासी दिव्यराज सिंह 10 वर्ष बरही से 4 जनवरी शाम को लापता हो गया था। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालक/बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशों के पालन में एएसपी संतोष डेहरिया निर्देशन एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बरही निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। बालक की तलाश हेतु टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए। इस दौरान CCTV फुटेज का विश्लेषण, डॉग स्क्वॉड की सहायता, वन विभाग एवं रेलवे विभाग से समन्वय से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 06 जनवरी को बालक कटनी रेलवे स्टेशन पर एक गणमान्य व्यक्ति जो कटनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से बाहर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे जिनके द्वारा सोशल मीडिया में उक्त बच्चे की फोटो देखी थी जो बच्चे को देखकर समझ गए कि यह वही बच्चा है जो बरही से गुम गया है। गणमान्य व्यक्ति के द्वारा बरही थाना में सूचना दी गई। उनको ट्रेन से बाहर जाना था इस कारण आरपीएफ थाने में बच्चे को सुरक्षित बैठाया। बरही पुलिस के द्वारा बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया दस्तयाबी उपरांत बालक को विधिसम्मत कार्यवाही कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव, एसआई विनोद कांत सिंह, प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।

**विजयराघवगढ़ महा विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी**

## विद्यार्थियों को दिया गया पंचगव्य निर्माण एवं शस्य विज्ञान का तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सुमन पुरवार एवं अरुण कुमार सिंह के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे दिया गया।



### निर्माण की बताई प्रक्रिया

प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचगव्य बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 5 किलोग्राम, गोमूत्र 3 लीटर, दूध 2 लीटर, दही 2 लीटर, घी 500 ग्राम, गुड़ 500 ग्राम एवं 12 पके हुए केले को प्लास्टिक के ड्रम में 18 दिन तक रखकर दिन में दो बार डंडे से हिलाते हैं। इसके तीन प्रतिशत घोल से बीज एवं जड़ तथा कंद उपचार, फल, पेड़ एवं पौधों तथा फसल पर छिड़काव, बीज भंडारण एवं सिंचाई पानी के साथ खेत में प्रवाहित करके फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए उपयोग करते हैं। इसे खाद बीमारियों से रोकथाम कीटनाशक के रूप में एवं वृद्धि कारक उत्प्रेरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इसे एक बार बनाकर 6 माह तक उपयोग कर सकते हैं।

पंचगव्य के उपयोग से भूमि में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि, भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार, फसल उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि, भूमि में हवा एवं नमी को बनाए रखना, फसल में कीट एवं रोग का प्रभाव कम करना तथा सरल एवं सस्ती तकनीक आदि के पंचगव्य से फायदे हैं।

### इनकी भी दी जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान शस्य विज्ञान के अंतर्गत खरीफ, रबी एवं जायद की फसलों के अंतर्गत अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, रेशे, चारा, शर्करा आदि फसलों की भी तकनीकी जानकारी दी गई।

## महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला आयोजित




नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दो दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला में कई तरह के क्राफ्ट आइटम बनाये गये। इस कार्यशाला में कन्या छात्राओं के साथ – साथ लड़को ने भी बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। बी.एड. एवं डी.एल.एड. के छात्रों को क्राफ्ट आइटम का प्रशिक्षण जबलपुर से आई 2 फाइन आर्ट के प्रशिक्षको प्रियंका और नीतू मैडम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पेंटिंग, जूट बैग, लकड़ी की ट्रे पर आर्ट वर्क, टेबिल क्लाथ पर फेबरिक पेंटिंग, स्टोन आर्ट आदि बनाये गये। छात्र – छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक इन आइटमों को तैयार किया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रबंधन और स्टॉफ का सहयोग अति प्रशंसनीय रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या श्रीवास्तव द्वारा जबलपुर के दोनों प्रशिक्षको को धन्यवाद प्रेषित किया, उनके प्रशिक्षण से छात्रों को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ।

## विद्यालयीन शिक्षा जीवन निर्वाह कर सकती है लेकिन धार्मिक शिक्षा जीवन निर्माण भी करती है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बंगला जैन मंदिर से गत दिवस मुनिश्री पदम सागर का विहार हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बंगला जैन मंदिर परिवार एवं बाहुबली कॉलोनी सहित जैन समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इसके पहले बांग्ला जैन मंदिर में सागर पाठशाला से आए बच्चों को मुनिश्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा तो जीवन का निर्वाह कर सकती है, लेकिन जो धार्मिक शिक्षा होती है, वह जीवन का निर्वाह तो करती है लेकिन जीवन के निर्वाह के साथ जीवन के निर्माण को भी प्राप्त कर देती है।



### अभिभावकों से आव्हान

उन्होंने अभिभावकों से आव्हान किया कि बच्चो को पाठशाला भेजें, जिससे वो सीखें, कैसे बैठे, कैसे उठे, कैसे खाएं, कैसे बड़ों से वार्तालाप करें। उन्हें किताबी शिक्षा तो स्कूल में मिल रही है लेकिन व्यवहारिकता की शिक्षा भी जरूरी है, वो सिर्फ पाठशालाओ से ही मिल सकती है। महाराज श्री ने कहा कि यहां हमने चातुर्मास किया। हमने अपने जीवन में ऐसा चातुर्मास नहीं किया, जो कटनी नगर में हुआ। बंगला जैन मंदिर जो हुकुमचंद ने बनवाया वह आज भव्य मंदिर का रूप ले चुका है, इसी परिवार के दामाद सिंगापुर में संत निवास के लिए जमीन और उसमे भवन निर्माण कर देंगे। मंदिर प्रवचन में बंगला मंदिर अध्यक्ष विजय जैन, राकेश जैन कक्का,सुधीश पप्पू जैन, पंचम जैन,विमल जैन राजकुमार जैन, रज्जन जैन,पवन जैन, आराधना जैन, पूर्वी जैन, रोशनी जैन, आभा जैन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सागर से आए भक्त जन कल्पना शास्त्री, अभिलाष जैन, सुनीता वाधवानी, नेहा जैन, शिखा जैन, कविता जैन, विमल जैन, बसंत जैन सहित बड़ी संख्या में सागर पाठशाला से आये बच्चे उपस्थित रहे।



### यातायात नियमो के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही

**स्लीमनाबाद।** सड़क दुर्घटनाओ को रोकने बहोरीबंद पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया सवार चालकों द्वारा सीट बेल्ट धारण करने के संबंध मे वाहन चालकों को यातायात नियमो का पालन करवाने विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की शाम बहोरीबंद के स्लीमनाबाद तिराहा में चेकिंग अभियान चलाया ।जहां पुलिस ने यातायात नियमो का पालन न करने वालो के खिलाफ चलानी कारवाई व सख्त निर्देश भी दिए। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने कहा कि हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। इसमे पुलिस का डर नही, लेकिन अपने परिवार वालो से दोबारा मिलने के लिए हेलमेट पहने क्योंकि सड़क हादसों मैं बहुत सी मौतें हेलमेट सिर पर धारण न होने के कारण हो रही है। दो पहिया वाहन चालक के अलावा पीछे बैठने वाले व्यक्ति भी हेलमेट पहने। वही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2025 में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 81 व्यक्तियों पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और न्यायालय इस्तगाशा पेश किए गए जो अभी तक 51 व्यक्तियों पर 5 लाख 53 हजार राशि का जुर्माना किया गया है एवं अन्य प्रकरणों पर कार्यवाही जारी है।

## 15 लीटर कच्ची सहित 54 पाव देशी शराब जब्त, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम जरवाही ,धपई, देवरीसानी में लगातार अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करते हुए 13500 रूपये की अवैध शराब जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार संयुक्त रूप से टीम बनाकर आरोपी विक्की सिंह पिता नागेंद्र उर्फ गुड्डु सिंह 21 साल धपई के कब्जे से 53 पाव, सत्येंद्र बर्मन पिता पवन बर्मन निवासी धपई के कब्जे से 54 पाव कुल 107 पाव अवैध शराब कीमती 10500 रुपये जप्त की गई। इसी तरह सोनू चौधरी पिता स्वर्गीय वीरू चौधरी, सुकून



शर्मा पति स्वर्गीय सुरेंद्र शर्मा निवासी जरवाही एवं रामू बर्मन पिता सुंदरलाल बर्मन निवासी देवरी सानी से कुल 15 लीटर देशी हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 3000 रूपये का जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ।

कार्यवाही में चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्रा सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला ,रमाकांत दुबे ,प्र.आर. मनीष असैया ,गौरव सेन देवेश आरक्षक अरविंद, वकील यादव की मुख्य भूमिका रही।

### पोषण ट्रैकर ऐप पर प्रविष्टियों संबंधी दी जानकारी

## संयुक्त संचालक ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती उषा सोलंकी ने बुधवार को मुड़वारा परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्रों कछगवां, गैतरा, बरखेड़ा 1 एवं बरखेड़ा 2 का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती, मुड़वारा परियोजना अधिकारी विद्या पाण्डेय एवं पर्यवेक्षक ओमी गुप्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती सोलंकी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में संधारित रिकॉर्ड, वजन पंजी, टीएचआर पंजी, निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर की जा रही प्रविष्टियों के सम्बन्ध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।





संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती सोलंकी ने आंगनवाड़ी केंद्रों को बाल मित्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर राष्ट्रीय पोषण अभियान एवं महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सतीश पटेल, विद्या पाण्डेय, संतोष अग्रवाल, इंद्र कुमार साहू एवं अनुपमा आटे परियोजना अधिकारी गण एवं सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

तदुपरांत श्रीमती सोलंकी ने आसरा बाल गृह कटनी का निरीक्षण किया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बाल गृह के बच्चों हेतु डाइनिंग टेबल भेंट की गई। श्रीमती सोलंकी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जब खून की जरूरत होती है तों हम यह नही देखते किस जाति या वर्ग का है : डीपी यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद डी पी यादव का कटनी पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद दमोह जननायक सुखलाल कुशवाहा की जयंती एवं न्याय यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप कटनी से कई गाड़ियो के काफिले के साथ रवाना हुए। मुख्य रूप से संतोष यादव के नेतृत्व में 150 गाड़ियों के साथ काफिला रैली निकाली गई। इस दौरान रोहन कुशवाहा,संजय हल्दकार, कुंवर सिंह पटेल,कपिल विश्वकर्मा, सुनील कुशवाहा,मुकेश यादव, बृजेश यादव,राजेश हल्दकार ,नरेंद्र कुशवाहा,रामकिंकर पाल,नारायण निषाद, पंकज मौर्या, जगदीप पाल, अश्वनी कुशवाहा ,आशु यादव,योगेश यादव,जगदीश हल्दकार,शरद कुशवाहा,दानिश ख़ान, रमेश साहू सहित हजारों साथी उपस्थित रहे।



### सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए एकजुटता जरूरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डीपी यादव ने सुखलाल कुशवाहा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे निडर, सिद्दातों के प्रति अडिग ओर विचारों की मिशाल थे। समाज के लिए उनके मन बदलाव का जूनून था। उन्होंने कहा कि जब खून की जरूरत होती है तों हम यह नही देखते कि सामने वाला किस जाति या वर्ग का है, वही सामाजिक समरसता का असली रूप है लेकिन वर्तमान नीतियों से ऐसा प्रतीत होता है कि समाज को फिर से गुलामी की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे एकजुट होकर रोकना पड़ेगा। सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए हम सभी को एकजुटता दिखानी पड़ेगी, ताकि कोई भी यह न समझे कि वह अपने अधिकारों की लड़ाई मै अकेले है।

मंदिर जाते समय अहंकार को साथ लेकर कभी न जाएं

# मंदिर जाते समय अहंकार को साथ लेकर कभी न जाएं : पं प्रेम नारायण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



पंचवटी धाम ब्लॉक परिसर में कार्तिक महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भक्तिरस से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री समनापुर ने अपने ओजस्वी वाणी प्रवाह से उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य रसपान कराया। कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम दिखाई दिया। कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री ने अपने मुखारविंद से कहा कि जब मन पूर्ण रूप से भगवान के चरणों में समर्पित हो जाता है, तब जीवन की समस्त समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने राजा परीक्षित की प्रेरक कथा का वर्णन करते हुए बताया कि तक्षक नाग के श्राप से सात दिनों में मृत्यु सुनिश्चित होने पर राजा परीक्षित ने ऋषियों से प्रश्न किया कि अल्प समय में जीवन को सार्थक कैसे बनाया जाए। तब ऋषियों ने उन्हें भगवान के निरंतर स्मरण, चिंतन और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का मार्ग बताया, जिससे मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कथा के दौरान सृष्टि की उत्पत्ति का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि नारायण भगवान की नाभि से कमल प्रकट हुआ, जिससे ब्रह्मा जी का प्राकट्य हुआ और सृष्टि की रचना आरंभ हुई। उन्होंने महिलाओं को गृहस्थ जीवन में क्या करना चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए, इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। ध्रुव चरित्र, मनु-शतरूपा की कथा तथा भगवान कपिल के अवतार का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान कपिल ने सांख्य शास्त्र का उपदेश दिया, जो वास्तव में जीवन और सृष्टि का विज्ञान है। उन्होंने जीव के गर्भ में प्रवेश और माता के गर्भ में उसकी स्थिति का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि मनुष्य का संसार में आना भी ईश्वर की ही लीला है। कथा में यह भी बताया गया कि सच्चा भक्त भगवान को हर स्थान पर प्रकट कर सकता है, क्योंकि परमात्मा सर्वत्र विद्यमान हैं, आवश्यकता केवल देखने की दृष्टि की है। उन्होंने संदेश दिया कि मंदिर जाते समय अहंकार को साथ लेकर कभी न जाएं। प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकश्यप की कथा के माध्यम से उन्होंने कहा कि जिस परिवार में एक भी पुत्र सच्चा भक्त निकल जाए, तो उसकी तीन पीढ़ियां तर जाती हैं। समुद्र मंथन की कथा, राजा बलि वामन प्रसंग के उपरांत, अजामिल ब्राह्मण के बारे में बताते हुए मोबाइल की दुष्प्रभावों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि वृंदावन में देखिए छोटे-छोटे बालक पूजन पाठ में लगे हैं और हमारे यहां मोबाइल में लगे। आजकल के गाने और उसका सुर बेश्वरा हो गया इसके बाद कहा की रामकथा मर्यादा की कथा है भगवान लीलाएं करने के लिए संसार में आते हैं भगवान कृष्ण की कथा सुनाई तदुपरांत श्रीकृष्ण जन्म की कथा के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। जैसे ही "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष गूंजे, पूरा पंडाल भक्ति और उल्लास से झूम उठा। श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर कथा श्रवण किया और धर्मलाभ अर्जित किया कथा कृष्ण जन्म के बाद लड्डूओ के प्रसाद का वितरण किया गया।

## 43 एम्बुलेंसों के माध्यम से 108 निःशुल्क आपातकालीन सेवा

### शिकायत हेतु दमोह हेल्प लाइन नंबर जारी

**दमोह।** जिले में शासन द्वारा संचालित 108 ऐंबुलेंन्स सेवा के अंतर्गत आम नागरिकों को निःशुल्क आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है। जिले में वर्तमान में कुल 43 एंबुलेंस 108 सेवा के अंतर्गत संचालित हैं, जिन्हें विभिन्न ब्लाकों के डिलेवरी प्वाइंट्स एवं प्रमुख स्थानों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सेवा उपलब्ध कराई जा सके। यदि 108 सेवा के संचालन में किसी कर्मचारी द्वारा अनुचित रूप से पैसे की मॉग की जाती है अथवा वाहन उपलब्धता में विलंब की स्थिति में इसकी सूचना तत्काल दमोह हेल्प नंबर 07812-7350300 पर दें। ताकि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जननी 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को उनके घर से स्वास्थ्य संस्था तक लाने तथा प्रसव उपरांत सुरक्षित रूप से वापस उनके घर तक पहुचानें की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को स्वास्थ्य संस्थान तक पहुचाने अथवा किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्वास्थ्य स्थिति में रोगियों को 108 एम्बुलेंस द्वारा निकटतम स्वास्थ्य संस्था तक पहुचाया जाता है। आवश्यकता अनुसार मरीजों को प्राथमिक या सामुदायिक अथवा जिला चिकित्सालय से उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी इसी सेवा के अंतर्गत की जाती है। उक्त सभी सेवाए शासन द्वारा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। आम नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर एवं दमोह हेल्प लाईन नंबर 07812-350300 डायल कर सेवा का निःशुल्क लाभ लें।

## फ्राइम्स कुरकुरे निर्माण यूनिट का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा कुंडलपुर, पटेरा स्थित फ्राइम्स कुरकुरे निर्माण यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में बस स्टैंड कुंडलपुर स्थित वनारा एंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित सीक्रेट सेंटा एवं दाल चावल ब्रांड स्नैक्स के नमूनें जांच हेतु लिए गए। मौके पर निर्माण यूनिट में कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए गए। कर्मचारियों द्वारा एप्रन एवं हेड कवर का उपयोग करते हुए नहीं पाया गया।लैब टेस्टिंग रिपोर्ट, फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट एवं पैकेजिंग मटेरियल लैब टेस्टिंग रिपोर्ट नहीं पाए गए। मौके पर परिसर में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## अंधे मोड़ पर बाइक सवार हादसे के शिकार

**तेंदूखेड़ा।** एक बार फिर क्षेत्र में अंधे मोड़ पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां इस हादसे में दो चचेरे भाई हादसे के शिकार हुए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के अतर्गत झलोन धनेटा मार्ग पर स्थित कुटीर के अंधे मोड पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जो घायल अवस्था में सड़क किनारे खाई में पड़े रहे है। जिसके बाद घटना की सूचना राहगीरों द्वारा डायल 112 को दी गई साथ ही 108 वाहन को दी गई। लेकिन समय पर वाहन नहीं मिलने पर आधा घंटे तक घायल मौके पर पड़े रहे। लेकिन उसी समय कोटखेड़ा निवासी प्रताप सीग लोधी गुजर रहे थे। जिन्होंने घायलों को तड़पता देख अपनी कार रोकी और उनको लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। साथ ही तेंदूखेड़ा थाने से प्रधान आरक्षक केवट सिंह, आरक्षक शैलेन्द्र बघेल, नगर सैनिक मनोहर सीग ठाकुर, डायल 112 से पहुंच गए जहां दोनों घायलों का उपचार शुरू किया गया। इस हादसे में घायल सीताराम पिता पूरन अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी इमझिरा थाना देवारी जिला सागर सुरेश पिता हल्के अहिरवार उम्र 35 निवासी बिलतरा थाना तारादेही है जिनको प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया। मददगार प्रताप लोधी ने बताया कि वह सोमखेड़ा एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जहां से वो वापस अपने घर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में घायल अवस्था में पड़े बाइक सवार दर्द से तड़प रहे थे मैने दोनों घायलों को अपनी कार में बैठाया और तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



## भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर अहंकारी इन्द्र का मानमर्दन किया -- किशोरी निधि गर्ग



**दमोह।** स्थानीय भगवान परशुराम टेकरी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस में कथावाचक किशोरी निधि गर्ग ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मानमर्दन किया था देवराज इन्द्र को अभिमान हो गया था इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण जो स्वयं लीलाधारी श्री हरि विष्णु के अवतार हैं ने एक लीला रची प्रभु की इस लीला में यूं हुआ कि एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे है श्री कृष्ण ने बड़े भोलेपन से मईया यशोदा से प्रश्न किया मईया ये आप लोग किनकी पूजा की तैयारी कर रहे हैं कृष्ण की बातें सुनकर मैया बोली लल्ला हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं मैया ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की उपज होती है उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये वहीं चरती हैं इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं अतरू ऐसे अहँकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए लीलाधारी की लीला और माया से सभी ने इन्द्र के स्थान पर गोवर्घन पर्वत की पूजा की देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा आरम्भ कर दी प्रलय के समान वर्षा तब मुरलीधर ने मुरली कमर में डाली और अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्धन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछडे.समेत शरण लेने के लिए बुलाया इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतरू वर्षा और तेज हो गयी इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियन्त्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें इन्द्र निरन्तर सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे लगा कि उनका सामना करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता अतरू वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं और पूर्ण पुरूषोत्तम नारायण हैं ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यन्त लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका इसलिए अहँकारवश भूल कर बैठा आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने मुरलीधर की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

## धान खरीदी केंद्रों पर बाल श्रम को लेकर सघन जांच अभियान

**दमोह।** दमोह जिले में बाल श्रम की रोकथाम हेतु बाल श्रम टास्क फोर्स टीम द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत की गई। निरीक्षण दल में श्रम निरीक्षक एवं बाल श्रम नोडल अधिकारी राहुल कुर्मी, श्रम निरीक्षक पूजा अवस्थी, बाल कल्याण समिति दमोह के अध्यक्ष दीपक तिवारी, जनसाहस संस्था के प्रतिनिधि मुकेश नवीन तथा पुलिस विभाग से थाना कुम्हारी के एएसआई महेश उपाध्याय एवं थाना नोहटा के एएसआई विजय चौबे शामिल रहे।

## उम्मेद सिंह ठाकुर का निधन शोक में डूबा गांव

**बनवार।** परस्वाहा निवासी उम्मेद सिंह ठाकुर का मंगलवार देर शाम निधन हो गया बताया जा रहा है कि उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से ठीक नहीं था और अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनका सत्तर वर्ष की आयु में देहांत हो गया । निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है ग्रामीणों और परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बुधवार सुबह से परिजनों के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है ।

## गरीबी और अमीरी से परे कृष्ण सुदामा की मित्रता हर युग के लिए प्रेरणा और मानवता का प्रतीकः पं कृष्णकांत गौतम

**बनवार।** सिद्ध बाबा चुड़का धाम में जारी श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास कृष्ण कांत गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया जिससे कथा पंडाल में भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित हो गया। कथा व्यास आचार्य गौतम ने कहा कि निर्धन सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा भगवान कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे जहां द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझकर रोक लिया लेकिन जैसे ही सुदामा ने अपना परिचय दिया सूचना तुरंत महल में पहुंचाई गई। सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण तेज कदमों से द्वार की ओर दौड़े और वहां पहुंचकर सुदामा को गले लगा लिया इस दृश्य ने उपस्थित सभा को भावविभोर कर दिया कृष्ण ने अपने अतिप्रिय मित्र को राजसिंहासन पर बैठाया अभिनंदन किया और उन्हें धन संपत्ति से समृद्ध कर दिया। आचार्य अवस्थी ने कथा में भगवान की अन्य दिव्य लीलाओं के प्रसंग भी सुनाए जिनमें माता देवकी को छह पुत्र वापस मिलने का अद्भुत क्षण और सुभद्रा हरण मुख्य रहे उन्होंने कहा कि संकट काल में भगवान भक्तों का उद्धार करने स्वयं प्रकट होते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा केवल कथा न होकर आध्यात्मिक अनुभव है जो जीवन को प्रकाश और दिशा प्रदान करती है कथा का श्रवण करने से मनुष्य का जीवन सार्थक बन जाता है। कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से भर गया श्रद्धालुओं को कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया परीक्षित सहित नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे और कथा कार्यक्रम में सहभागिता की। कथा का समापन बुधवार को होगा वहीं गुरुवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा आयोजकों ने समस्त नगरवासियों से सहयोग और सहभागिता की अपील की है।

## कोर जोन में शामिल होने से 12 ग्रामों के ग्रामवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**तेंदूखेड़ा।** नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के द्वारा चार पंचायत में संलग्न 12 ग्रामों के लोगों को कोर जोन में शामिल करने पर क्षेत्रवासी विरोध कर रहे हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि हमारे क्षेत्र को बफर जोन में शामिल किया जाए ताकि शासन प्रशासन द्वारा चलाई जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हमारे क्षेत्रवासियों को आसानी से मिल सके। नौरादेही विस्थापन संघर्ष के तत्वाधान में चार पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों में निरंतर बैठको के माध्यम से ग्राम सभा बुलाकर प्रस्ताव पारित किया जा रहा है की हमारे क्षेत्र को कोर जोन से हटाया जाए कोर जोन क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा मूलभूत सुविधाओं पर प्रतिबंध होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सलाहकार श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया ग्राम सरसेला,वोरिया,कुतपुरा,सनाई,माधो, देवरी शंकर, भैंसा मैं बैठक संपन्न होने के वाद आज अंतिम बैठक का आयोजन ग्राम फुलर, मझगुवा में किया गया जिसमें प्रस्ताव लाया गया कि चार पंचायत के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों को पुनः बफर जोन में शामिल किया जाए। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया सभी ग्रामों के पास प्रस्ताव अति शीघ्र जिला प्रशासन को सौंपें जाएंगे। मूलभूत सुविधाएं ना होने के कारण क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया की कोर जोन में शामिल होने के कारण सर्रा,सरसेला एवं माधो तक स्वीकृत रोड निरस्त कर दी गई जवकि पूर्व में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य चलना था लेकिन इसे भी बंद कर दिया गया है। नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के सचिव मानसिंह यादव ने बताया कि कोर जोन में शामिल होने के कारण हम लोगों को कोई भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए इस क्षेत्र को पुनः वफर जोन में शामिल करने हेतु गांव-गांव बैठकों का दौर जारी है तथा क्षेत्र वासियों का भारी समर्थन मिल रहा है। इस अवसर जगन ठाकुर सरपंच ,वसोरी पटेल, शिवलाल धुर्वे,कुंजबिहारी विश्वकर्मा,चिन्तामन पटेल,मेघराज पटेल ,दीवान सींग, निज़ाम सींग,हरिसीग,देवी सींग,वारेलाल गौड़, नन्हे भाई अहिरवार,कलू पटेल,राजेश यादव,सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## सरपंचों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक की 6 पंचायत बेलवाड़ा, बेलढ़ाना, नरगुवा, इमलीडोल, पिंडरई पांजी, महगुवा खुर्द के सरपंचो के साथ गांवों की खुशहाली एवं सशक्त पंचायत निर्माण के उद्धेश्य से ग्रामीण विकास समिति तेंदूखेड़ा में ग्रामीण विकास समिति द्वारा सरपंचों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर, पारदर्शी एवं जन-हितैषी बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान सरपंचों को पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम विकास योजनाएं, जल संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत स्तर पर सहभागिता बढ़ाने, योजनाओं की निगरानी एवं गांव की समस्याओं का समाधान सामूहिक रूप से करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण विकास समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि सशक्त पंचायत ही गांव के समग्र विकास की आधारशिला होती है। सरपंचों की सक्रिय भूमिका से ही गांवों में खुशहाली लाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सरपंचों ने अनुभव साझा किए और पंचायत को मजबूत बनाने हेतु सुझाव भी दिए। कार्यक्रम के आयोजन में ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सरपंच महेंन्द्र यादव, नीता बेन बैलवाड़ा, पिंडरई पांजी सुशीला ठाकुर, इमलीडोल सरपंच नवल झारिया, नरगुवा से आरती ठाकुर, महगुवा से पंच योगेश सिंह ग्रामीण विकास समिति डायरेक्टर गोविन्द यादव, ज्योति राव, ज्योति रेकवार, सुषमा यादव, राजेश सिंह, प्रियंका साहू, संतोष सिंह, धरमदास पाल उपस्थित रहे।

## शुद्ध पेयजल सभी को उपलब्ध हो यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-कलेक्टर

**दमोह।** शुद्ध पेयजल सभी को उपलब्ध हो यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस सिलसिले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने राजनगर तालाब का जायजा लिया था। कलेक्टर श्री कोचर ने जुझार घाट का जायजा लिया और वहां पर पानी की टेस्टिंग भी कराई। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया सिविल वार्ड नं.-4 जहां से पानी की शिकायत आई थी वहां पर भी जाकर देखा है, वहां का पानी प्रदूषित था, वहां के निवासियों को कहा गया है इस पानी का बिलकुल भी उपयोग ना करें। उन्होंने कहा नगर पालिका की पूरी टीम वहां पर एक्टिव है और नालियों की सफाई भी की जा रही है, साथ में जहां से यह लीकेज प्वाइंट है, उसे ढूंढ़ा जा रहा है और उसी पर काम किया जा रहा है। आज गुरूवार को सुबह फिर उस स्थल का जायजा लिया जायेगा और देखा जायेगा की पानी की स्थिति क्या है। उन्होंने कहा अभी थोड़े दिनों पहले ही ऐसी स्थिति हुई है, संभवतः ऐसा लग रहा है नाली में कहीं उस जगह पर काम हुआ है और काम को करते समय यह पाईप लाइन फूटी है। यह स्थिति पूरे सिविल वार्ड नं.- 4 में नहीं है, यह स्थिति केवल एक लाईन है, जिसमें 50 परिवार रहते हैं, वहीं पर यह स्थिति है। कलेक्टर ने देखा कि शुरूआत के घरों में भी यह स्थिति नहीं है, एक छोटे से पेंच में पाईप लाईन संभवतः लीकेज हुआ है, इसीलिये ऐसा हो रहा है, आज ही उसका निराकरण कराया जायेगा।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**दमोह।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदगुवॉ में 10 जनवरी दिन शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सीबीएमओ पथरिया डॉ. जतिन दुबे ने नागरिकों से अपील की गई है कि ''आइये हम सब मिलकर संकल्प लें रक्तदान कर किसी जरूरतमंद के जीवनदान में सहयोगी बनें। रक्तदान के संबंध में एएमओ डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यह शिविर सीबीएमओ डॉ. जतिन दुबे के मार्गदर्शन प्रातः 10 बजे से 4 बजे दौरान संचालित किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में क्षेत्र के समस्त स्थानीय जनप्रतिनिघियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। रक्तदान के इच्छुक आमजन डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी के व्हाट्सएप नंबर 7000317495 एवं सतीश विश्वकर्मा के मोबाइल नंबर पर 7000315738 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पठारी को हराकर जुझार ने दर्ज की रोमांचक जीत



**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रमुख तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के निकट ग्राम मैली के खेल ग्राउंड में रोमांचक क्रिकेट मुकाबला खेला गया,स्थानीय जुझार और पठारी टीमों के बीच हुई। इस भिड़ंत में दर्शकों ने जमकर तालियाँ बजाई और खेल का आनंद लिया, मैच में पहली बल्लेबाजी करते हुए पठारी टीम ने अपने आठ ओवर में 76 रन बनाए और 5 विकेट खो दिए। उनके तेज बल्लेबाजों ने टीम को अच्छी शुरुआत दी, लेकिन जुझार टीम के गेंदबाजों ने समय-समय पर विकेट लेकर विरोधी टीम की बढ़त को सीमित रखा, इसके बाद मैदान में उतरी जुझार टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 77 रन बनाए और केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उनकी रणनीति और शानदार बल्लेबाजी ने मैच को रोमांचक बनाते हुए जुझार टीम को जीत दिलाई,खेल के दौरान उपस्थित दर्शक मैच के हर क्षण का आनंद लेते रहे। हेमेंद्र असाटी राजन ने बताया कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ता है और सामुदायिक मेलजोल भी मजबूत होता है, जुझार टीम की जीत ने स्थानीय खेल प्रेमियों को खूब उत्साहित किया और आने वाले मैचों में उनके प्रदर्शन को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी है।

## सकौर में होगा हिन्दू सम्मेलन



**हिनौताकलां।** श्री हनुमान मंदिर हिनौता में हिन्दू सम्मेलन के लिये कलश स्थापना अक्षत पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हिन्दू सम्मेलन दिनांक 24 जनवरी 2026 को स्थान श्री हनुमान मंदिर,सकौर में समय दोपहर 2 बजे से रखा गया है। कलश स्थापना में रामदयाल जी पटेल, महेन्द्र सिंह चंदेल, दिनेश दुबे, हर्ष पटेल, ब्रजेश पटेल शिक्षक, नर्मदा असाटी सहित ग्रामवासी सम्मलित रहे। हिन्दू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 10/01/26 को ग्राम हिनौता कलां में शोभायात्रा निकाली जाएगी,जिसकी तैयारी को लेकर भी सभी के बीच चर्चा की गई।

## सेवा आश्रम के बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




आजकल फैशन के दौर में लोग अपना एवं परिवार जनों का जन्मदिन महंगे रेस्टोरेंट में पार्टी एंजॉय कर मनाते लेकिन नगर के समाजसेवी गरीबों के मसीहा संजय राय ने अपना जन्मदिन परिजनों के बीच न मनाकर गरीब बच्चों के बीच सेवाभाव के साथ मनाया। संजय राय ने बताया कि अपने 511 वें जन्मदिन के अवसर पर मित्रों के साथ बुधवार की सुबह सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया इसके उपरांत नगर के रामगोपाल जी मंदिर परिसर में संचालित एकलव्य वनवासी सेवा आश्रम में पहुंचकर वहां निवासरत बच्चों के बीच केक काटकर मनाया एवं सभी बच्चों को स्वल्पाहार व मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर अनिल राय, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ, सुनील राय, रामकुमार राय, संदीप राय, विनोद बर्मन, अंकू परिहार, सोनू चौरसिया, परिचय राय, प्रिंस राय, संजय नामदेव, राजा राय, बासू सोनी साहित्य अन्य लोगों की उपस्थित रही।

### दिशा की बैठक संपन्न: राम जी योजना आने वाले वर्षों में गांव की दिशा और दशा बदलेगी

# बेहतर दमोह और विकसित भारत बन सके उसके लिए निरंतर समीक्षा चल रही है-सांसद राहुल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सतत प्रकिया है दिशा की बैठक हर तीन माह में होती है और जिले में जो विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं, केंद्र सरकार की योजनाएं प्रदेश सरकार की योजनाएं उनकी समीक्षा और आगामी कार्यों के लिए आगामी समय के लिए दिशा-निर्देश तय करते हैं। बड़ी प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का वोकल फॉर लोकल का जो नारा दिया था उसको हम लोगों ने जबेरा में जमीन पर उतारा है। हमारे बुंदेलखंड में जो महुआ होता है, उस महुए से कुकीज बनाना प्रारंभ हो गया है और बहुत अच्छे तरीके से जनजातीय भाई-बहनों के स्व-सहायता समूह ने बनाया और आने वाले समय में इसकी मार्केटिंग के लिए भी हम लोग चिंता करेंगे। बेहतर दमोह बन सके और विकसित भारत बन सके विकसित दमोह बन सके उसके लिए निरंतर समीक्षा निरंतर बैठकर चल रही है। इस आशय के विचार जिले के सांसद राहुल सिंह लोधी ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित दिशा की बैठक में व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी नौरादेही ए ए अंसारी, वनमंडल अधिकारी दमोह ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष तेन्दूखेड़ा सुरेशचन्द्र जैन, जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटैल, पं.नरेन्द्र व्यास, सिद्धार्थ मलैया, रामेश्वर चौधरी सहित समिति के सदस्यगण मौजूद थे। सांसद श्री राहुल सिंह ने कहा केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में कहा प्रारंभिक स्तर पर उसका सर्वे चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की सरकार है इस संपूर्ण बुंदेलखंड के एक-एक गांव में पीने का पानी है, पहुचाएंगे यह संकल्प लिया है। मेडिकल कॉलेज का काम भी आखरी स्टेज पर आ गया है और अगले वर्ष उसको कंप्लीट करके हेंड ओवर कर दिया जाएगा तो मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएगा और जहां तक नर्सिंग कॉलेज है, वह भी पाइप लाइन में आ गया है और मुझे लगता है कि अगले 2-3 महीने में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज के लिए भी आदेश जारी हो जाएगा। सांसद दमोह श्री लोधी ने कहा जिले में संचालित सभी गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां निर्धारित संख्या के अनुरूप गौ-वंश वास्तव में मौजूद है या नहीं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आगामी तीन माह तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत गठित टीम द्वारा सभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जाएगा और यह जांच की जाएगी कि शासन द्वारा प्रदत्त राशि वास्तविक रूप से गौ-वंश के हित में व्यय हो रही है या नहीं। यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सांसद श्री लोधी ने एक अन्य महत्वपूर्ण विषय पर भी निर्णय लिया कि खाद्य विभाग की टीम वर्षभर निरंतर मिठाई दुकानों का निरीक्षण करेगी। यह निरीक्षण केवल दीपावली या दशहरा जैसे त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दमोह के साथ-साथ तेंदूखेड़ा, जबेरा सहित जिले के सभी क्षेत्रों में किया जाएगा, ताकि खोया, पनीर एवं दूध जैसे खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो। इसी प्रकार गौशालाओं का निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच सहित ये दोनों विषय आगामी समय में निरंतर रूप से संचालित किए जाएंगे।

सांसद श्री राहुल सिंह ने एक और अभियान चलाने के निर्देश दिए जिसके अंतर्गत जिले की समस्त नगरपालिकाओं में बैठक आयोजित कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जल आपूर्ति किन-किन फिल्टर प्लांट्स से हो रही है तथा उन सभी की जांच की जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकियों एवं फिल्टर प्वॉइंट्स की भी जांच की जाये। इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा सभी विकासखंडों में जनपद पंचायत के सीईओ एवं अभियंताओं की बैठक लेकर एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाएं और सभी फिल्टर पॉइंट्स का परीक्षण सुनिश्चित करें। जिले में संचालित बड़ी-बड़ी परियोजनाओं में कहीं भी किसी प्रकार की चूक न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि आगामी एक सप्ताह में जल टंकियों एवं फिल्टर प्लांट्स की जांच से संबंधित पूरी कार्ययोजना को हम सफलता पूर्वक पूर्ण कर लेंगे। उन्होंने कहा नागरिकों को बेहतर ढंग से जल आपूर्ति हो तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न रहे इसी उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जाये। सांसद श्री लोधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिस स्वरूप की हमने कल्पना की थी, उससे कहीं अधिक बेहतर रूप में यह आयोजन संपन्न हुआ। जिले की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों से लगभग 8,000 से अधिक बच्चों ने इसमें भाग लिया। 16 नवंबर से 21 दिसंबर के बीच यह आयोजन संपन्न हुए। इसकी सबसे सराहनीय बात यह रही कि जिले के अधिकारी, खेल विभाग, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित सभी ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

उन्होंने कहा हमने तय किया था कि गौड़ खनिज की राशि से छतिग्रस्त विद्यालयों का निर्माण करवाएंगे तो दो फेस हो गए हैं अब तीसरे फेस की तैयारी हो रही है। उन्होंने एनएचआई की सड़क दमोह से अमाना, अमाना से जबेरा से कटंगी होते हुए जबलपुर के विषय में भी चर्चा की। उन्होंने कहा टेंडर लगने की स्थिति में है क्योंकि दमोह पॉच जिलों से जुड़ा हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दमोह-सागर रोड को स्वीकृत कर दिया है, उद्देश्य है कि यहां बड़े-बड़े ट्रक शहर में ना गुजरें शहर के बाहर के बाहर निकल जाएं तो ट्रैफिक का दबाव भी कम हो जाएगा। सांसद राहुल सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जी रामजी बिल आया है इसके पहले जो मनरेगा में केवल सौ दिन की रोजगार की गारंटी दी जाती थी लेकिन अब इस बिल से 125 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह जी राम जी योजना आने वाले वर्षों में गॉव की दिशा और दशा बदलेगी।

बैठक में सांसद श्री लोधी ने कहा पिछले एक वर्ष, यह दूसरा वर्ष निरंतर पूरे जिले के अधिकारियों के साथ अलग-अलग स्कूलों में जाकर संवाद किये गये हैं और परीक्षा पर चर्चा हुई है, 11 जनवरी तक प्रधानमंत्री जी बच्चों से चर्चा करेंगे। मीटिंग में यह भी निर्देशित किया गया सभी अधिकारी 20 जनवरी से लेकर 26 जनवरी के बीच में देशभक्ति का पूरा एक समय रहता है, पूरा राष्ट्रभक्ति का वह जोश बना रहता है, सभी मंत्रीगणों से भी आग्रह करेंगे और विधायकों से कि अलग-अलग जगह जाएं और सभी बच्चों से संवाद करें पूरे जिले में एक माहौल डेवलप हो परीक्षा का और फिर जब पॉजिटिव माहौल बनता है, तो फिर उसके परिणाम भी सकारात्मक आते हैं और यह भी तय किया है कि इस बार जब प्रभारी मंत्री 26 जनवरी को आते हैं तो मध्यान भोजन के बाद किसी दसवीं या बारहवीं के बच्चों से संवाद करेंगे। प्रयास यह है विकास तो हो और विकास के अलावा बच्चे बेहतर तरीके से पढ़ सकें, दोनों में समन्वय बनाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अधिकारी निरंतर मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं अब इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों का जुड़ाव होगा तो निश्चित ही परिवर्तन देखने को मिलेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिला स्तर पर दिशा समिति की बैठक हुई है, इस बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो समीक्षा की जाती है। सांसद श्री राहुल सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनेक निर्देश दिये गये हैं, निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित करायेंगे।

## देव आव्हान के साथ हुई हजारों आहुतियों



**दमोह।** राष्ट्र की शौर्य समृद्धि के उद्देश्य से आयोजित 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन भावनाओं को उभारने वाले देव आव्हान के साथ हजारों आहुतियों के साथ यज्ञ का प्रारंभ हुआ। शांतिकुंज से पधारे टोली नायक सुरेंद्र नाथ ने यज्ञ के दर्शन को बहुत अच्छे से समझाते हुए हमेशा ही, प्रत्येक काल खंड में यज्ञ की आवश्यकता को प्रतिपादित करते हुए अपनी बात रखी। सुंदर सजी हुई यज्ञ शाला में 51 कुंडो पर जोड़े से, अकेले सैकड़ों जोड़े बैठे हुए थे। यज्ञ के एक स्वरूप ज्ञान यज्ञ की महत्ता सुन सैकड़ों लोगों ने ब्रह्मभोज साहित्य जो आधी कीमत में उपलबधु है क्रय किया और श्रद्धा पूर्वक सिर पर रखकर यज्ञ शाला की परिक्रमा करते हुए देखे गए। यज्ञ करने वाले सभी भाई बहिनों के लिए भोजन शाला में प्रसाद स्वरूप निशुल्क भोजन भी मिल रहा है। संध्याकाल में पावन प्रज्ञापुराण के माध्यम से परिवारों में संस्कार देने, श्रेष्ठ नागरिक बनने के बिंदु बताते हुए राष्ट्र को सशक्त, समृद्धि शाली बनाने में उनकी जिम्मेदारी का बोध बड़े रोचक ढंग से समझाया। कल प्रातः संक्षिप्त देव आव्हान के बाद प्रथम पाली में यज्ञ के तुरंत पश्चात अगली पारी में पुंसवन संस्कार, यज्ञोपपित और दीक्षा संस्कार भी संपन्न होगे। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक स्पेशलिस्ट डाक्टरों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ परीक्षण का आयोजन होगा। 3 बजे से युवाओं के मार्गदर्शन के लिए विशेष उद्बोधन होगा और 5 बजे से 5,100 दीपकों के प्रज्ज्वलन के साथ दीपयज्ञ संपन्न होगा।

## सतरिया पैर धुलाई प्रकरण में एनएसए की कार्यवाही स्थगित

**दमोह।** विगत दिनों सतरिया कांड की आग इस कड़कड़ाती ठंड में दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट की दस्तक दे चुकी है दरसल विगत दिनों जाति विशेष के व्यक्ति को ब्राह्मण समाज के सतरिया निवासी अनुज पांडेय द्वारा कथित तौर पर चरनामृत पिलाने का वीडियो जमकर वायरल हुआ था और इस पर मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लेते हुए वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर एनएसए की कार्यवाही सुनिश्चित करने आदेश दिया था इस आदेश पर अनुज पांडेय एवम अन्य ब्राह्मण युवकों को जेल भेज दिया गया था। इस आदेश के खिलाफ अनुज पाण्डे ने देश के सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी मामले की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित मुकेश पाण्डे अधिवक्ता एव मनीष नगाइच ने बताया कि सतरिया के वायरल वीडियो पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस अतुल श्रीधरन ने स्वसंज्ञान लेते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक को NSA की करवाही के निर्देश जारी किए थे, दमोह पुलिस ने ब्राह्मण समाज के पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, पीड़ित के अधिवक्ता का कहना है कि वीडियो में केवल ब्राह्मण समाज के लोगो को चिन्हित किया गया है जबकि वीडियो में अन्य समाज के लोग भी मौजूद दिख रहे हैं, एवम इस साधारण सामाजिक मामले में एनएसए की कार्यवाही लागू नहीं होती है। मुकेश पांडेय अधिवक्ता ने बताया कि कल 06 जनवरी देर शाम सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए एनएसए की कार्यवाही स्थगित करते हुए तत्काल अनुज पाण्डे की रिहा किये जाने का आदेश जारी किया था, इसी तारतम्य में अधिवक्ताद्वय मुकेश पाण्डे एव मनीष नगाइच ने अतिरिक्त कलेक्टर से भेंट कर आदेश की प्रति उन्हें आवश्यक कार्यवाही हेतु सौंपी है ।उक्त आदेश के अनुज पांडे की रिहाई भी जेल से हो चुकी है।

## राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांतक्का जी पहुंची दमोह



**दमोह।** राष्ट्र सेविका समिति की वंदनीय प्रमुख संचालिका शांतक्का जी अखिल भारतीय प्रवास के अंतर्गत 4 से 9 जनवरी 2026 तक महाकौशल प्रांत के प्रवास पर हैं। इसी क्रम में 6 जनवरी को उनका दमोह जिले में आगमन हुआ। दमोह जिले में प्रवेश पर उन्होंने नोहटा स्थित पुरातन चंदेलकालीन शिव मंदिर में दर्शन किए। मंदिर परिसर में स्थानीय कलाकारों द्वारा अहीर नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर स्थानीय सेविकाओं ने पुष्पवर्षा कर माननीय शांतक्का जी का स्वागत किया। संघ कार्य के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने जा रहे विशाल हिंदू सम्मेलन का भूमिपूजन कार्यक्रम भी माननीय शांतक्का जी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इसके पश्चात दमोह स्थित उत्सव विलास में राष्ट्र सेविका समिति की सक्रिय एवं दायित्ववान सेविकाओं की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित 40 सेविकाओं से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त करने के बाद माननीय शांतक्का जी ने कहा कि समिति का कार्य ऐसा होना चाहिए जिससे परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे। उन्होंने समिति कार्य के विस्तार पर विशेष बल दिया। इसके बाद स्थानीय विभिन्न संगठनों, प्रबुद्ध वर्ग एवं मातृशक्ति के साथ भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 मातृशक्ति एवं 35 पुरुष वर्ग ने सहभागिता की। इस अवसर पर माननीय शांतक्का जी ने कहा कि हमारे कार्य जनसामान्य को स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले हों तथा राष्ट्रहित को केंद्र में रखकर किए जाएं।

## निष्ठा हमारे जीवन में हो तो निश्चित रूपसे हम लक्ष्य तक पहुँच जायेंगे : स्वामी श्रवनानंद सरस्वती

**दमोह।** नगर के फुटेरा वार्ड नंबर 4 नरसिंह मंदिर प्रांगण शाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस आनंद वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी अखंड आनंद सरस्वती के परम कृपा पात्र स्वामी श्रवनानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि संसार में अनुकूलताएँ बहुत हों तो उनका लाभ ले के अपने लक्ष्य की ओर सतत बढ़ते रहना चाहिए। यदि प्रतिकोलताएँ हों तो उनका भी लाभ ले करके अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। राग-द्वेष न करके परमात्मा की ओर बढ़ने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए। एक तरफ़ राजकुमार उत्तम है जिसके लिए सब अनुकूल है और दूसरी तरफ़ राजकुमार ध्रुव है जिसके लिए सब प्रतिकूल - माँ और पुत्र दोनों उपेक्षित हैं, अनुशासित हैं । धन्य है सुनीति जिसने इसका लाभ लिया और परमपिता परमात्मा की गोद में बैठने को पुत्र को प्रेरित किया। संसार में सुखी रहना है तो जो मिला है उसपर दृष्टि डालो जो नहीं मिला है उसपर दृष्टि मत डालो। हमें लगता है "जो नहीं मिला है" वही प्राप्तव्य है इसलिए जितना भी मिल जाये व्यक्ति को संतोष नहीं है और अभाव से भरा रहता है। हम बड़े पक्षपाती हैं अपने प्रति- केवल अपने गुणों को देखते हैं अपने दोषों का दर्शन करते ही नहीं। सफलता का हेतु अपने को और असफलता का हेतु अन्य को मानते हैं। अतः साधन जब भी करें किसी महापुरुष की आज्ञामें रह कर करें। संसारमें दुःख का कारण अभाव भी है और सुख का कारण भाव है। प्रयास पूर्वक अपने अन्तःकरण को भाव से भरो। भाव से भरोगे तो भगवान तक पहुँच जाओगे और अभाव से भरोगे तो नर्क तक पहुँच जाओगे। भगवान ही गुरु बनकर आते हैं। गुरुमुखी साधन की सुगंध फैलती है। निष्ठा जब फलती है तब जिनसे प्राप्त होता है वह भी आश्चर्यचकित रह जाते हैं। निष्ठा हमारे जीवन में हो तो निश्चित रूपसे हम लक्ष्य तक पहुँच जायेंगे।

## बच्चों को पौधा रोपने का सिखाया सही तरीका



**दमोह।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस सत्र से कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं से एग्रीकल्चर विषय प्रारंभ हुआ है। संस्था में पदस्थ एग्रीकल्चर विषय शिक्षिका नेहा पटैल के द्वारा छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान हेतु पौधे रोपने का सही तरीका सिखाया । इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ अनिल त्रिपाठी ने शासन द्वारा वोकेशनल विषयों के माध्यम से रोजगार को बढ़ावा देने की नीति की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान ने बताया कि इस वर्ष से विद्यालय में आई टी ई एस एवं कृषि विषय प्रारंभ किये गए हैं । आज कृषि व्यावसायिक शिक्षका नेहा पटैल ने बच्चों कृषि विषय के छात्रों को पौधा रोपने का प्रायोगिक ज्ञान दिया जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक सीखा । व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी इसरार खान ने इस अवसर पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए कृषि प्रायोगिक कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया।

## श्रीराम कथा में सीता स्वयंवर का वर्णन



**तेजगढ़।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलुआ (दिनारी) मैं श्री श्री 1008 श्री लोक कल्याण हेतु महा रूद्र यज्ञ एवं राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें यज्ञ एवं हवन में आहुतियां देने दूरदराज से श्रद्धालु आ रहे हैं एवं यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं यह भव्य धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। यह आयोजन श्री 1008 श्री दिगंबर कैलाशपुरी जी महाराज आश्रम मोहन करौदी कला दादा जी के सानिध्य में किया जा रहा है। एवं छोटे जय-जय सरकार अजब धाम दमोह महंत से कटरी अंबा पुरी महाराज आश्रम भावनाथ तलेटी गुजरात सौराष्ट्र जूनागढ़ ब्रह्मलीन, आदि शंकराचार्य जी नागा बाबा केदारनाथ भारती जी ममलेश्वर पूरी थानापति जूनागढ़, यज्ञ आचार्य पंडित दीपचंद गर्ग,शास्त्री ग्वारीघाट जबलपुर कथा वाचक पूजा भाग्य श्री देवी जी पुजारी पंडित अंकित पांडे जी जानकी रमन मंदिर के सानिध्य में इस यज्ञ राम कथा कोश्री शंभू पंचदस नाम आवाहन अखाड़ा काशी जूनागढ़,सभी के सानिध्य में यह कार्यक्रम जिसमें राम कथा का आयोजन भी किया जा रहा है कथावाचक पूजा भाग्य श्री देवी जी के मुखारविंद से राम कथा की जा रही है। कथा में तुलसीकृत रामायण जी के सीता स्वयंवर राम सीता विवाह और परशुराम लक्ष्मण संवाद का वर्णन किया। कथा वाचक पूज्या भाग्यश्री देवी ने कथा में बताया कि जनक जी ने अपनी बेटी सीता के विवाह के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन रखा तो उसमें देश-विदेश के दूर-दूर से करीब 10 हजार राजा महाराजा शिव के धनुष को तोड़ने के लिए स्वयंवर में पहुंचे थे। रावण और बाणासुर जैसे महा योद्धा भी सीता जी से विवाह करने के लिए पूरी ताकत के साथ धनुष को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन धनुष तोड़ने की बात तो दूर बड़े-बड़े राजा महाराजा धनुष को हिला नहीं सके। रामचंद्र व लक्ष्मण भगवान की मनमोहक झांकी की सजाई गई जहां पर सीता स्वयंवर हुआ। भारी संख्या में श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाँचे श्रोता के जय श्री राम की जय कारों से गूंज उठा पंडाल भक्तों ने यज्ञ शाला में परिक्रमा लगाकर धर्म लाभ उठाया।

## 10 जनवरी को होगा युवा सम्मेलन

**दमोह।** जिले में आगामी 10 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन के लिए तहसील ग्राउंड, दमोह में विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह युवा सम्मेलन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भालचंद जी नातू, घुमंतू जाति कार्य संयोजक, महाकौशल प्रांत उपस्थित रहे। उन्होंने विधिविधान से भूमिपूजन कर कार्यक्रम की सफलता की कामना की। भालचंद जी नातू ने जिले के सभी युवाओं से 10 जनवरी को आयोजित युवा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र जी (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य), कमलेश पटेल (जिला कार्यवाह), महेंद्र पटेल (सह कार्यवाह), भैयन कुमार (जिला प्रचारक) एवं दीपक तिवारी (विभाग प्रचार प्रमुख) सुरेन्द्र करोसिया नगर कार्यवाह,अभिनव यादव सह नगर कार्यवाह,जागेश्वर रजक जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख,अनिल अहिरवाल नगर महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख,सौरभ दुबे नगर सह महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों को रेलवे स्टेशन पर कंबल वितरित किए

**दमोह।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सिविल सोसायटी दमोह के साथ मिलकर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा ने रेलवे स्टेशन पर असहाय एवं गरीब यात्रियों को कंबल वितरित किए। पंडित मनु मिश्रा ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि भीषण ठंड के कारण रेलवे स्टेशन पर कई जरूरतमंद लोग बिना कंबल के खुले में सोने को मजबूर हैं। इस मानवीय पीड़ा को देखते हुए सिविल सोसायटी दमोह के सदस्यों की प्रेरणा से यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करते हुए पहले 10 लोगों के लिए प्लेटफॉर्म टिकट खरीदे गए, इसके बाद स्टेशन परिसर में सो रहे पात्र लोगों को कंबल वितरित किए गए। यदि किसी कारणवश कोई जरूरतमंद छूट गया है तो अगले दिन पुनः कंबल वितरण किया जाएगा। पंडित मनु मिश्रा ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए सिविल सोसायटी दमोह के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। इस पुण्य कार्य में सिविल सोसाइटी के सदस्य धर्मेंद्र राय, रण विजय राय , खिल्लू ठाकुर,अजय जाटव,अशोक ठाकुर, मनोज दुबे जी,शैलेंद्र सिंह, गोपाल रैकवार, अंकित सोनी, हर्षित तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## जलप्रदाय फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

**हटा।** नगरीय विकास विभाग भोपाल के निदेर्षानुसार नगरीय जल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जानें वाले पेयजल की गुणवत्ता की मानीटरिंग एवं जलजनित बीमारियो की रोकथाम के संबध में कलेक्टर श्री सुधीर कोचर द्वारा जारी निर्देष के परिपालन में हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने बुधवार को नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे के साथ नगर पालिका फिल्टर प्लांट , गौरीशंकर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान जल आपूर्ति की स्थिति, शुद्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया एवं सीएमओ सहित संबंधित कर्मचारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## तिल गणेश चतुर्थी पर श्री जागेश्वरनाथ का श्रीगणेश रूप में भव्य श्रृंगार



**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र देव श्री जागेश्वरनाथ धाम में तिल गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर स्वयंभू शिवलिंग का श्री गणेश रूप में अलौकिक श्रृंगार किया गया। संध्या आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा दिखाई दिया और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर पुजारियों ने बेलपत्र, पुष्प, प्राकृतिक रंग और पारंपरिक श्रृंगार सामग्री से भगवान शिव को गणपति स्वरूप में सजाया। यह अनोखा रूप भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर पूजन-अर्चन किया और दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त किया। दर्शन के लिए लगी कतारें शाम से देर रात तक लगातार चलती रहीं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार तिल गणेश चतुर्थी पर विशेष श्रृंगार की परंपरा वर्षों पुरानी है, जिसमें भगवान भोलेनाथ गणेश स्वरूप में भक्तों को सौम्य दर्शन देते हैं। पूरे जागेश्वरनाथ धाम में दीप, धूप, मंत्रोच्चार और भजनों की गूंज के बीच भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने मिला।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील हटा जिला दमोह मप्र**

रा.प्र. क्रमांक /अ-20( )/2025-26/842
हटा दिनांक-31.12.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा ग्राम बोरीकलां की आम जनता को सूचित किया जाता है, कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय हटा के माध्यम से कलेक्टर महोदय दमोह की आदेश पत्रिका दिनांक 18.11. 2025 के पालन में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण में सचिव ग्राम पंचायत बोरीकलॉ जनपद पंचायत हटा ने ग्राम पंचायत बोरीकलां में नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु मौजा बोरीकलां स्थित भूमि खसरा नंबर 341 रकवा 0.340 हे में से 0.070 हे भूमि आवंटित किए जाने हेतु आर.सी.एमएस पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक-
0811280304057 APP-26325257
प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवेदित भूमि ग्राम पंचायत बोरीकलां को नवीन पंचायत भवन के निर्माण हेतु आवंटित किए जाने के संबंध में किसी संस्था अथवा किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.01.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद पेशी गुजर जाने पर किसी आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 31.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हटा, जि दमोह म.प्र.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भारती अरोरा पति श्री कपिल अरोरा निवासी सिविल वार्ड नं. 3 दमोह तह. व जिला दमोह निम्नलिखित कथन करती हूँ। कि 1. यह कि मै उक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि म.प्र. अथवा अन्य किसी प्रदेश किसी भी पुलिस थाने में कोई भी अपराध पंजीकृत नहीं है। 3. यह कि शपथ पूर्वक सत्य वचन करती हूँ कि म.प्र. या अन्य प्रदेश के किसी भी न्यायालय में कोई भी अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं हैं। 4. मै शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि किसी भी न्यायालय द्वारा दंडित एवं कारावास की सजा नहीं दी गई है मुझे उपस्थित होने के लिए कोई वारंट अथवा संबंध अथवा गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं किया गया। और न ही भारत से मेरे प्रस्थान को प्रतिबंधित करने हेतु आदेश जारी किया गया। 5. उक्त चरित्र सत्यापन पासपोर्ट हेतु आवेदन उक्त शपथ पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
स्थान: दमोह
दिनांक 07/01/2026
हस्ताक्षर/शपथकर्ता

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./न.पा./2025-26/5771 — **इस्तहार म्यादी 30 दिवस** — दिनांक :- 7/01/26

सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम अचल संपत्ती का अंतरर्ण नियम 2016 यथा संसोधित 2021 कंडिका 04 में पटटे पर दी गई अचल संपत्ती नामातरण मकान / फौती नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय लिखित प्रमाण के 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है म्याद समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति विचारणीय नही होगी व प्राप्त दस्तावेजो के आधार पर नामातंरण कर दिया जावेगा ।आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि निकाय में निम्नानुसार दुकान के आवेदन प्राप्त हुयें ।

| क्र. | दुकान का स्थान | दुकान क्र. | हस्तांतरकर्ता का नाम | नामांतरण हेतु आवेदनकर्ता का नाम | प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बडा बाजार शापिंग काम्पलेक्स हटा | 05 | मनीष तिवारी पिता रामचरण तिवारी निवासी आजाद वार्ड | राकेश कुमार जैन पिता शीलचद्र निवासी सुभाष वार्ड | लीज नामांतरण |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह